**DAV BORL PUBLIC SCHOOL, BINA**
**PT-II/HALF YEARLY EXAMINATION**
PRACTICE PAPER **2024-25**

**Class:-IX** **Sub.-** Hindi

**Time-** 3 Hour **M.M.- 80**

**निर्देश –1. इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं - क, ख, ग और घ ।**

**2. सभी खंड अनिवार्य हैं ।**

**3. प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमश: एक साथ लिखिए ।**

**(खंड -क)**

**अपठित गद्यांश/पद्यांश**

**प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए । (5)**

सदाचारी व्यक्ति अपने काम से बड़े बनते हैं। दुराचारी व्यक्ति दूसरों के काम में बाधाएँ उत्पन्न करके बड़प्पन बटोरना चाहते हैं। लेकिन एक न एक दिन उनकी कलई खुल जाती है। उनके अनुचित कार्य उनको कहीं का नहीं छोड़ते। इतना होने पर भी वे बेशर्म होकर अच्छे लोगों की बुराई करने में अपना समय बर्बाद करते रहते हैं। किसी की प्रशंसा सुनना उनके कानों को अच्छा नहीं लगता। इतने ही परिश्रम से यदि वे अच्छे कार्य करें, तो वे भी अच्छे आदमी बन सकते हैं, सम्मान पा सकते हैं। परन्तु वे अपनी आदत से मजबूर हैं, उनके मन की कुटिलता उन्हें अच्छे काम करने से रोकती है। सदाचारी व्यक्ति अच्छे काम करके चैन की नींद सोता है और सुखी रहता है। दुराचारी व्यक्ति बुरे काम करके अपना सुख-चैन नष्ट करता है, अपने मन को बीमार करता है। मन की बीमारी कुछ दिनों में शरीर की भी बीमारी बन जाती है।

**1. दुराचारी व्यक्ति किस प्रकार बड़प्पन बटोरना चाहते हैं? (सही विकल्प छाँटिए ।)**

(क) अच्छे काम करके
(ख) दूसरों की प्रशंसा करके
(ग) दूसरों के काम में बाधाएँ उत्पन्न करके
(घ) दूसरों के काम में सहयोग करके

**2) दुराचारी व्यक्तियों के कानों को अच्छा नहीं लगता। (वाक्य ..... पूरा कीजिए।)**

(क) बुरा काम करना
(ख) किसी की प्रशंसा सुनना
(ग) संगीत सुनना
(घ) किसी के घर जाना

**3) दुराचारी व्यक्ति अच्छे काम नहीं कर सकते, क्योंकि,**

**(सही कथन से वाक्य पूरा कीजिए ।)**

(क) मन की कुटिलता उन्हें अच्छे काम करने से रोकती है।
(ख) उन्हें लोग कुछ करने नहीं देते हैं।
(ग) वे किसी का साथ नहीं देते हैं।
(घ) वे सबको सम्मान देते हैं।

**4) मन की बीमारी कुछ दिनों में किसकी बीमारी बन जाती है ?**

(क) समाज की
(ख) परिवार की
(ग) राज्य की
(घ) शरीर की

**5) "कलई खुलना' मुहावरे का अर्थ है**

(क) कलई उतरना
(ख) असलियत का पता चलना
(ग) भेद प्रकट न करना
(घ) चमकना

**प्रश्न 2 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए। 5**

वतन से दूर हूँ लेकिन अभी धड़कन वहीं बसती
वह जो तस्वीर है मन में निगाहों से नहीं हटती |
साँसों में बसी है अब तक वह सौंधी गंध धरती की
मैं जन्मू सिर्फ भारत में दुआ रब से यही करती।
बड़े ही वीर थे वे जन जिन्होंने झूल फाँसी पर दिला दी हमको आजादी ।
नमन शत-शत उन्हें करती।

**1) वतन से दूर होने पर भी मन की स्थिति क्या है ?**

(क) मन की स्थिति सामान्य है ।
(ख) मन बहुत खुश है
(ग) हृदय की धड़कन उसी देश में बसती है।
(घ) मन देश को भूल चुका है

**2) निगाहों से किसकी तस्वीर नहीं हट पाती ?**

(क) परिवार की
(ख) मन में देश के बसे सौन्दर्य की
(ग) शहर की
(घ) घर की

**3.साँसों में अब तक धरती की...बसी है।(वाक्य पूरा कीजिए)**

(क) सौंधी गन्ध
(ख) छवि
(ग) नदियाँ
(घ) छाया

**4.)इस कविता में ईश्वर से क्या इच्छा प्रकट की गई**

(क) कहीं भी जन्म लेने की
(ख) कुछ भी नहीं
(ग) सिर्फ भारत में जन्म लेने की
(घ) विदेश में बस जाने की

**5.)हमको आजादी दिलाने में ............ लोगों का**

**योगदान है। (सही कथन से वाक्य पूरा कीजिए ।)**

(1) जिन्होंने केवल आन्दोलन किया ।
(2) जो खुशी-खुशी फाँसी पर झूल गए ।
(3) जिन्होंने अनशन किया।
(4) जिन्होंने समर्थन किया ।

**(खंड-ख)**

**व्यावहारिक व्याकरण**

**प्रश्न 3 जिन शब्दों में उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है वह चुनकर लिखिए।** **(2)**

परा- परिणय पराजय पराभव पराक्रम

सम् - सम्मेलन समलोक संवाद संपूर्ण

**प्रश्न 4 निम्नलिखित शब्द में सही उपसर्ग चुनकर लिखें।** **(1)**

निर्गुण- नि निर्गु निर् र्नि

**प्रश्न 5 जिन शब्दों में प्रत्यय का प्रयोग नहीं हुआ है उन्हें चुनकर लिखिए।** **(2)**

आवट- सजावट मिलावट चिल्लाहट लिखावट

इक- पत्रिका स्वाभाविक धार्मिक ऐतिहासिक

**प्रश्न 6 निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदले।** **(2)**

हम कल शिमला जाएंगे - निषेधवाचक

आज वर्षा होगी - संदेह वाचक

**प्रश्न 7 अर्थ की दृष्टि से निम्नलिखित वाक्यों के भेद बताइए।** **(5)**

- 1 ) आपका घर कहां है ? ………
- 2) वाह ! कितना सुंदर घर है । ……….
- 3) आपकी यात्रा शुभ हो । ……..
- 4)दीवार पर मत लिखो । ……..
- 5) उसने मुझे देख लिया होगा। ……..

**प्रश्न 8 निम्नलिखित पंक्तियों में अलंकार बताइए।** **(4)**

क) चारु चंद्र की चंचल किरणें खेल रही है जल थल में।

उपमा अनुप्रास रूपक

ख) वे तीन बेर खाती थीं वे तीन बेर खाती हैं ।

यमक अतिशयोक्ति उपमा

ख) पानी गए न ऊबरे मोती मानुष चुन।

श्लेष अनुप्रास उपमा

घ) प मंगन को देख पट देत बार – बार है |

उत्प्रेक्षा श्लेष अनुप्रास

**<u>(खंड- ग)</u>**

**<u>पठित गद्यांश/पद्यांश</u>**

**प्रश्न 9 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए। (5)**

धीरे-धीरे सब कुछ बदल रहा है एक नई जीवन शैली अपना वर्चस्व स्थापित कर रही है। उसके साथ एक नया जीवन दर्शन उपभोक्तावाद का दर्शन आ रहा है। चारों तरफ उत्पादन बढ़ाने पर जोर है यह उत्पादन आपके लिए है, आपके भोग के लिए है, आपके सुख के लिए है सुख' की व्याख्या बदल गई है। उपभोग भोग ही सुख है। एक सूक्ष्म बदलाव आया है नई स्थिति में उत्पादन तो आपके लिए हैं। आप यह भूल जाते हैं कि जाने अनजाने आज के माहौल में आपका चरित्र भी बदल रहा है और आप उत्पाद को समर्पित होते जा रहे हैं।

**(i) सुख की व्याख्या क्या है?**

(क) उपभोग भोग

(ख) दिखावा संस्कृति

ग) विज्ञापन दर्शन

(घ) चारित्रिक बदलाव

**(ii) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ का नाम क्या है?**

(क) दो बैलों की कथा

ख) जीवन जीने का ढंग

(ग) उपभोक्तावाद की संस्कृति

(घ) विज्ञापन दर्शन

**(iii) मनुष्य किसे समर्पित हो रहा है?**

(क) परिवार को

(ख) देश को

(ग) मित्र को

(घ) उत्पाद को

**(iv) जाने-अनजाने क्या बदल रहा है?**

(क) समाज

(ख) चरित्र

(ग) परिवेश

(घ) राष्ट्र

**(v) प्रस्तुत गद्यांश के लेखक का नाम क्या है?**

(क) प्रेमचंद

(ख) महादेवी वर्मा

(ग) श्यामाचरण दुबे

(घ) राहुल सांकृत्यायन

**प्रश्न10 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए। (2)**

**1 ) कांजी हाउस के अंदर का दृश्य कैसा था ?**

(क) करुणा जनक (ग) रोमांचक

(ख) खेलकूद भरा (घ) रोचक

**2. पाठ दो बैलों की कथा के आधार पर आज संसार के लिए क्या उपयुक्त नहीं है ?**

(क) चालाकी (ख) मूर्खता

(घ) नासमझी (ग) सीधापन

**11. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें सही विकल्प चुनकर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (5)**

**मानुष हौं तो वही रसखानि बसौं ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन ।जौ पसु हौं तो कहा बस मेरो चरौं नित नंद की धेनु मँझारन। पाहन हौ तो वही गिरि को जो कियो हरिछत्र पुरंदर धारन। जौ खग हो तो बसेरो करौं मिलि कालिंदि कूल कदंब की डारन ॥**

**(क) कवि किस पर्वत का पत्थर बनना चाहता है ?**

कैलाश हिमालय गोवर्धन

**(ख) रसखान अगले जन्म में मनुष्य योनि में जन्म कहां लेना चाहते हैं?**

काशी में ब्रजभूमि में कैलाश में

**(ग) काव्यांश की अंतिम पंक्ति में किस अलंकार का प्रयोग किया गया है।**

अनुप्रास मानवीकरण रूपक

**(घ) कवि की पशु रूप में जन्म लेने पर क्या इच्छा है?**

1. जंगली जानवरों के बीच रहना चाहता है।
2 . नंद की गायों के बीच में रहना चाहता है।
3 .चिड़ियाघर में रहना चाहता है।

**(ङ) काव्यांश के कवि का नाम बताइए ।**

कबीर तुलसीदास रसखान

**प्रश्न 12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए । (2)**

1. कवि ने हथकड़ियों को क्या कहकर सम्बोधित किया है ?

(क) ब्रिटिश राज का गहना

(ख) जीवन की तान

(ग) मधुर विद्रोह का बीज

(ग) ब्रिटिश अकड़ का कुआँ

**2 . मृदुल वैभव की रखवाली - सी पंक्ति मैं कौन सा अलंकार है ?**

(क) अतिश्योति

(ख) उत्प्रेक्षा

(ग) उपमा

(घ) रूपक

**प्रश्न13 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही 6 प्रश्नों के उत्तर उत्तर दीजिए।** **(12)**

1) आजकल कौन सी नई जीवन शैली आ गई है ? इसका क्या प्रभाव पड़ रहा हैं ?

2) हीरा और मोती गया के घर से क्यों भाग गए पाठ के आधार पर लिखिए।

3) तिब्बत के मार्ग में लेखक के समक्ष आने वाली कठिनाइयों का वर्णन कीजिए।

4) ' मोको कहां ढूंढे बंदे, मैं तो तेरे पास में ' कवि क्या कहना चाहता है?

5) ' बंद द्वार के सांकल ' खोलने के लिए ललद्यद ने क्या उपाय सुझाया है।

6) गोपिकाएं कृष्ण की मुरली से क्यों जलती है?

7) कोयल की कूक सुनकर कवि की क्या प्रतिक्रिया थी ?

**प्रश्न14 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **(8)**

**1)** मृत्यु का तरल दूत किसे कहा गया है और क्यों ?

**2)** बाढ़ की सही जानकारी लेने और बाढ़ के रूप देखने के लिए लेखक क्यों उत्सुक था ? आपदा से निपटने के लिए लेखक ने क्या-क्या प्रबंध किए?

**3)** बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में कौन-कौन सी बीमारियाँ फैलने की आशंका रहती है ?

**(खंड-घ)**

**प्रश्न15 निम्नलिखित विषय में से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए।**

**(क) विश्व पर्यावरण दिवस।** **(6)**

- पर्यावरण का महत्त्व
- प्रदूषण बढ़ाने वाले तत्व
- पर्यावरण संरक्षण के उपाय

**(ख) अभ्यास का महत्व**

- अभ्यास क्यों आवश्यक है?
- महापुरूषों के उदाहरण
- परिणाम

**(ग) सत्संगति का प्रभाव**

- अर्थ
- सत्संगति से लाभ
- विद्यार्थी जीवन में महत्व

**प्रश्न 16 खेल का मैदान समतल करवाने हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए ।** **(5)**

**अथवा**

**आप अपने विद्यालय की छात्र संस्था के सचिव हैं तथा विद्यालय में  चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करवाना चाहते हैं । इससे सम्बंधित सूचना 40-50 शब्दों में लिखिये ।**

**प्रश्न 17  निम्नलिखित संकेत बिन्दुओं के आधार पर लघु कथा लिखिए (100 से 120 शब्दों में)** **(5)**

संकेत बिन्दु : जंगल में एक पेड़ पर मधुमक्खियों का छत्ता लगा हुआ था । उसी पेड़ पर एक कबूतर का घोंसला भी था। एक दिन अचानक रानी मधुमक्खी  नदी में गिर गई ।कबूतर ने रानी मक्खी को पानी में बहते हुए देखा तो जल्दी से एक पत्ता ले आया........ ।

**प्रश्न18    अपने-अपने जीवन लक्ष्य के बारे में दो मित्रों की बातचीत. को संवाद रूप में लिखिए।** **(4)**